# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 9 मई 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स आगा खान रूरल सपोर्ट प्रोग्राम (इण्डिया) द्वारा विश्वविद्यालय में अध्यनरत बी.टेक. (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) के पांच विद्यार्थियों जिनमें क्रमशः कनिका बसेरा, राकेश उप्रेती, संजू कुमारी, प्रगति तिवारी एवं जतिन कुमार का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को रू. 40,000 प्रतिमाह के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।